बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-87
11/02/2025

मुख्यमंत्री ने संत रविदास जी की जयंती पर राज्यवासियों को दीं शुभकामनायें

पटना, 11 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि संत रविदास जी महान संत एवं अद्वितीय कवि थे जिन्होंने सामाजिक एकता एवं मानवतावादी मूल्यों के संदेश को जन–जन तक पहुँचाया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, जो समाज में एकता, भाईचारा एवं आपसी बंधुत्व की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी के उपदेशों एवं उनके आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिये।

******